ØVG: 2(17

अध्यक्ष

भारत सरकार
Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes

File No. Tour/visit/chindwara/2017/RU-III

छठी मंजिल, बी विंग, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली – 110003
6th Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi - 110003

Dated 23/2/2017

सेवा में,

उपायुक्त
आदिवासी विकास, मध्य प्रदेश
सतपुड़ा भवन, द्वितीय तल,
भोपाल

विषय: आयोग द्वारा दिनांक 19 जनवरी, 2017 से 25 जनवरी , 2017 तक मध्य प्रदेश के भोपाल एवम् छिंदवाड़ा जिले के भ्रमण का प्रतिवेदन !

सर,

उपरोक्त विषय पर सुश्री अनुसूईया उइके, माननीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा जिला होशंगाबाद, बेतूल, छिन्दवाडा दिनांक 19.01. 2017 से 25.01.2017 तक मध्य प्रदेश के भ्रमण प्रतिवेदन की मूल प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न कर आपको भेजी जा रही है!

अनुरोध है कि प्रकरण मे अनुपालन प्रतिवेदन आयोग को एक माह के भीतर भिजवाने का कष्ट करे !

भवदीय

(एस. पी. मीना)
सहायक निर्देशक

1207
23/2/17

स्पीड पोस्ट
SPEED POST

प्रतिलिपि:

1. जिला कलेक्टर, जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश.
2. जिला कलेक्टर, जिला बेतुल, मध्य प्रदेश.
3. जिला कलेक्टर, जिला छिन्दवाडामध्य प्रदेश
4. सहायक निर्देशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, कमरा संखया 308, निर्माण सदन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, 52-ए, अरेराहिल्स, भोपाल-462011 (मध्य प्रदेश) को आवश्यक कार्रवाई हेतु!
5. GSA, NIC

(31)

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग**
**भारत सरकार**

**दिनांक 19 जनवरी, 2017 से 25 जनवरी, 2017 तक मध्य प्रदेश के भोपाल एवं छिन्दवाड़ा जिले के भ्रमण का प्रतिवेदन ।**

सुश्री अनुसूईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा 19 जनवरी, 2017 से 25 जनवरी, 2017 तक मध्य प्रदेश का प्रवास किया गया । आयोग के मुख्यालय से बेतार सन्देश VC/NCST/TOUR/05 संख्या दिनांक 18 जनवरी, 2017 के द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिरीक्षक, अनुसूचित जनजाति विभाग, मध्य प्रदेश भोपाल तथा मार्ग के कलेक्टर होशंगाबाद, छिन्दवाडा, बैतूल, नागपुर आयोग के भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक एवं सर्व संबंधितों को सूचित किया गया ।

इस प्रवास में आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से श्री आर.के. दुबे, सहायक निदेशक एवं सुश्री दीपिका खन्ना, अनुसंधान अधिकारी द्वारा विशिष्ट अथिति गृह में मिलकर क्षेत्रीय कार्यालय के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की । प्रवास के दौरान जो तथ्य परिलक्षित हुये वे इस प्रकार हैः-

**<u>दिनांक 20 जनवरी, 2017</u>**

1. आयोग के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक, श्री आर.के. दुबे एवं सुश्री दीपिका खन्ना, अनुसंधान अधिकारी ने मुलाकात कर भोपाल कार्यालय की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की एवं अवगत कराया कि कार्यालय में अधिकांश पर रिक्त होने के कारण मानव संसाधन की कमी है । इस समय स्वीकृत पद कुल 14 के विरूद्ध मात्र 6 कर्मचारी/अधिकारी कार्यरत है, जिसमें से अधिकारी केवल 2 है, जिसकी वजह से आयोग का कार्य प्रभावित होता है । यदि रिक्त पदों पर पदस्थापना होती है तो कार्य तीव्र गति से संचालित हो सकेगा ।

2. भोपाल के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री लखन अग्रवाल द्वारा भी संपर्क कर अनुसूचित जनजाति के लिये चलाई जा रही विभागीय गतिविधियों की चर्चा की गई । उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर छात्रावासों में नागरिक आपूर्ति प्रणाली के अंतर्गत जो अनाज उपलब्ध कराया जाता है, उसमें केवल चावल ही उपलब्ध कराया जा रहा है । गेहूँ एवं अन्य अनाज नहीं मिलने की वजह से छात्रों को परेशानी होती है । अतः अलग-अलग अनाजों का वितरण करवाकर इसका निराकरण कराया जावे ।

3. छिन्दवाडा जिले की सीमा पर श्री रोशन राय, अनुविभाग अधिकारी राजस्व विभाग, जुन्नारदेव, आयुक्त आदिवासी विकास छिन्दवाडा, श्री एन.एस. बरकडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया एवं अन्य अधिकारियों ने मिलकर अपने अपने विभाग की प्रगति से अवगत कराया ।

सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

4. अद्योहस्ताक्षरी द्वारा छिन्दवाडा जिले के समीपवर्ती ग्राम झिरपा में आदिवासी विभाग की शाला में ग्रामीणजनों एवं छात्र-छात्राओं से संपर्क किया गया साथ ही राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे " आनन्दम कार्यक्रम " में भाग लिया गया । ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा हाईस्कूल बाउण्ड्रीवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कन्या छात्रावास के निर्माण तथा स्कूल के खेल मैदान के समतलीकरण का अनुरोध किया गया ।

(अनुवृति कार्यवाही आदिवासी विकास विभाग)

5. ग्राम देलाखारी जोकि आदिवासी बाहुल्य वनांचल है, में आयोजित **"आनन्द उत्सव "** में सम्मिलित होकर क्षेत्र के ग्रामीणजनों से मुलाकात एवं चर्चा कर उनकी स्थितियों को ज्ञात किया गया । साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण कर रहवासी छात्रों से व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया । छात्रों तथा ग्रामीणजनों ने वहाँ पर कृषि संकाय से शिक्षा की व्यवस्था हेतु अनुरोध किया गया ।

(अनुवृति कार्यवाही आदिवासी विकास विभाग तथा कृषि विभाग)




6. विकासखण्ड मुख्यालय तामिया में स्थित छात्रावास का निरीक्षण किया गया छात्र छात्राओं से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई । ग्रामीण आदिवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना एवं समझा गया । आदिवासियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन संबंधित अनुभागों को प्रेषित कर दिये गये हैं ।

7. छिन्दवाडा पहुॅचने पर विश्रामगृह में श्री जे.के. जैन, कलेक्टर छिन्दवाडा, श्री आलोक श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जुन्नारदेव एवं श्री अनूप श्रीवास्तव, तहसीलदार, छिन्दवाडा ने स्वागत किया तथा जिलें की विकास वस्तुस्थिति से विश्रामगृह में आदिवासी प्रतिनिधियों एवं आदिवासी संगठनों तथा अन्य नागरिकों द्वारा भी स्वागत किया गया । विशेषतः समस्त अजाक्स संगठन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भव्य स्वागत किया ।

सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

8. कन्या शिक्षा परिसर, छिन्दवाडा के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया गया । छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रावास पहुँच मार्ग जोकि कच्चा है, उसे पक्का करवाने का अनुरोध किया गया । संबंधित अधिकारी श्री एन.एस. बरकडे, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास छिन्दवाडा ने इस संबध में शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

(अनुवृति कार्यवाही आदिवासी विकास विभाग)

**दिनांक 21 जनवरी, 2017**
**(छिन्दवाडा-उमरेठ-जुन्नारदेव-दमुआ-रामपुर-सारनी-होशंगाबाद भोपाल)**

9. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छिन्दवाडा प्रस्थान कर उमरेठ होते हुये अंबाडा मार्ग से जुन्नारदेव प्रवास किया गया । यात्रा के दौरान जनजाति प्रतिनिधियों ने माननीय उपाध्यक्ष को आदिवासियों की समसयाओं से अवगत कराया तथा इसी सन्दर्भ में प्रतिवेदन भी प्राप्त हुये । माननीय उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से जनजाति वर्ग के लोगों को समझाया ।

10. विकास खण्ड मुख्यालय जुन्नारदेव के एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर छात्रों से विद्यालय एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई । छात्राओं द्वारा छात्रावास की बाउण्ड्रीवाल एवं खेल मैदान का निर्माण करवाने का अनुरोध किया गया । संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस मद में राशि प्राप्त हो चुकी है और उक्त निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाने का आश्वासन दिया गया । एकलव्य विद्यालय जुन्नारदेव में कार्यरत पीजीटी एंव टीजीटी शिक्षकों द्वारा अपने नियमितीकरण से संबंधित समस्या का ज्ञापन दिया गया जिस पर पृथक से कार्यवाही हेतु आयोग के संबंधित अनुभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया गया है ।

11. माननीय उपाध्यक्ष महोदया का जुन्नारदेव में आमजनों, व्यापरियों एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोग का उपाध्यक्ष मनोनीत होने के उपलक्ष्य समारोह में उपस्थित आम समुदाय द्वारा अभिनंदन किया गया, जिसमें शामिल होकर अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आयोग की गतिविधियों, कार्यकलापो तथा आयोग की शक्तियों के बारे में जागरूक किया गया । दमुआ मार्ग के विभिन्न स्थानों पर भी जनजाति प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा आदिवासी समस्याओं तथा विकास कार्यो की स्थिति का अवलोकन किया गया ।

12. दमुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सार्वजनिक स्थल एवं नगर पालिका परिषद, नंदन में नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर क्षेत्र की विकास स्थिति एवं समस्याओं से अवगत कराया गया । उपाध्यक्ष महोदया ने आयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

13. छिन्दवाडा जिले के अनुसूचित जनजाति के सीमावर्ती गाँव रामपुर एवं चिचोली में ग्रामीणों ने उपाध्यक्ष महोदया को अपनी विकास स्थिति एवं समस्याओं से अवगत कराया । उनके द्वारा सूचित किया गया कि उन्हें मार्ग हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिला है । उल्लेखित है कि दमुआ से सारनी मार्ग के निर्माण के समय शासन द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के नागरिकों की जमीन अधिग्रहित की गई है । अनुसूचित



सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

74

जनजाति वर्ग के भूमि मालिक आज तक मुआवजे से वंचित हैं । इसी प्रकार से क्षेत्र में टेलीफोन टावर बंद रहता है, जिसकी वजह से बैंकिंग सुविधायें प्राप्त नहीं हो पा रही हैं । नोटबंदी के दौरान ऑन लाईन अन्तरण नहीं होने के कारण आदिवासी वर्ग को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये भी परेशानियों का सामना करना पड़ा । आज भी इस क्षेत्र के बरोजगार एवं विद्यार्थी आवेदन प्रपत्र ऑन लाईन नहीं भर पाते है । अतः संचार मंत्रालय को आदिवासी क्षेत्रों में तत्काल दूर संचार एवं इन्टरनेट की सुविधायें उपलब्ध करवाने बाबत तत्काल कार्यवाही करनी चाहिये ।

(अनुवृति कार्यवाही-दूरसंचार विभाग, मध्य प्रदेश)

14. क्षेत्र के निवासियों ने क्षेत्र में लगे हुये भूगर्भीय जल स्त्रोतों में फलोराईड की समस्या से भी अवगत कराया । इस संबंध में माननीय उपाध्यक्ष ने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा सामुदायिक सहयोग द्वारा जलशोधन का प्लांट पंचायत स्तर पर लगाकर शोधित जल की आपूर्ति छात्रावासों, सरकारी कार्यालय तथा घरों में करते हुये स्वास्थ्य गुणवता तथा रोजगार प्रदान करने का सुझाव दिया ।

परिशोधित जल शोधन प्लांट का संचालन महिला सहायता समूह तथा आपूर्ति का कार्य बेरोजगार युवकों द्वारा कर रोजगार तथा महिला सशक्तिकरण का जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत कर बहुराष्ट्रीय कम्पिनयों को जलापूर्ति क्षेत्र में आदिवासी समुदायों को सशक्त किया जा सकता है यदि बड़ी मात्रा में जल परिशोधन किया जाये तो ट्राईफेड विपणन का कार्य कर सकता है ।

(अनुवृति कार्यवाही परिवार कल्याण विभाग एवं ट्राईफेड जिला प्रशासन)

**दिनांक 22 जनवरी, 2017**

15. भोपाल में आदिवासी सेवा मंडल द्वारा अनुसूचित जनजाति का एक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें उपाध्यक्ष द्वारा भाग लिया गया । इस सम्मेलन में संपूर्ण देश से लगभग 3000 सदस्यों द्वारा भाग लिया गया । जिसमें आदिवासी वर्ग के राजकीय व राजकीय उपक्रमों के अधिकारियों, युवाओं, व्यवसायियों, छात्र, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ताओं इत्यादि उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती उर्मिला सिंह, पूर्व राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एंव पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनूसूचित जनजाति आयोग, श्री कांतिलाल भूरिया, सांसद रतलाम, श्री ओमप्रकाश धुर्वे, मंत्री, मध्य प्रदेश शासन, श्री नरेन्द्र मरावी, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, मध्य प्रदेश, श्री योगेन्द्र सिंह बाबा, विधायक, लखनादौन, सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, विधायक, श्री औंकार सिंह ठाकुर, अध्यक्ष, आदिवासी सेवा मंडल, श्री एस.एस. कुमरे, आई.ए.एस., श्रीमती रजनी उइके, आई.एस.एस., श्री पी.सी.बारस्कर, योजना सलाहकार, मध्य प्रदेश, श्री प्रकाश ठाकुर, श्री मनोज सरेयाम अपर कलेक्टर, होशंगाबाद, डॉ दीपक मरावी, अधीक्षक हमीदिया चिकित्सालय, श्री संदीप भूरिया, एडिशनल एसपी भोपाल, श्री विवेक लाल एडीशनल एस.पी. भोपाल, श्री मोहिन्दर तंवर, श्री गजेन्द्र सिंह कंवर, भोपाल संस्था द्वारा उक्त आदिवासी विभूतियों का उदबोधन में अनुसूचित जनजाति आयोग की गतिविधियों, कार्यप्रणाली, शक्तियों इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत कर समस्त उपस्थित आदिवासी सदस्यों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया ।



सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi




<u>दिनांक 23 जनवरी, 2017 (छिन्दवाडा-सौंसर-पान्दुर्ना-पाठई-छिन्दवाडा)</u>

16. निर्धारित समय पर छिन्दवाडा से प्रस्थान किया गया । सौंसर में पड़ने वाले मार्ग के ग्रामों चंदनगाँव, इमलीखेडा, लिंगा में नागरिकों से मुलाकात की गई एवं उनके द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया । सौंसर स्थित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया एवं छात्रावास का निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से चर्चा की गई । क्षेत्र के आदिवासी जनों को आयोग की गतिविधियों से अवगत कराया गया ।

17. सौंसर में श्री नानाभाऊ मोहोड जी विधायक एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा अभिनंदन किया गया, उन्हें भी आयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । पीपलानारायणवार के नगर पंचायत अध्यक्ष, के साथ आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रों से चर्चा कर उनके रहन-सहन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया । तदुपरांत मार्ग में पडने वाले राजना, सिवनी एवं तदुपरांत पान्ढुर्ना में आमजनों द्वारा उपाध्यक्ष महोदया का अभिनन्द किया गया ।






सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

18. मार्डन एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित रामराव धर्माधिकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक समारोह में मैं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई । अपने उदबोधन में उपस्थित नागरिकों एवं छात्र छात्राओं को उत्तम नागरिक बनने की शिक्षा के साथ ही साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यकलापों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई । समारोह में आदिवासी समुदाय के लोगों से प्राप्त अभ्यावेदन संबंधित विभागों से आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अनुसंधान एकक एवं क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित किये गये ।




19. पान्दुर्ना से पाठई के मार्ग में पडने वाले आदिवासी गाँवों के नागरिकों द्वारा अभिनन्दन के समय क्षेत्र के विकास कार्यो के संबंध में उनसे चर्चा की गई । पाठई में आयोजित विशाल कार्यक्रम में भाग लिया । राजकीय शाला का निरीक्षण भी किया गया । उपस्थित व्यक्तियों को आयोग की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया । यह क्षेत्र सुदुर आदिवासी क्षेत्र है यहॉ के नागरिकों द्वारा क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा का अभाव, शिक्षा हेतु महाविद्यालय, पेयजल की व्यवस्था, छात्रावास एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करवाने के लिये अनुरोध किया गया ।

(अनुवृति कार्यवाही आदिवासी विकास विभाग)



सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

(37)




**दिनांक 24 जनवरी, 2017**

20. प्रातः 11.30 बजे से स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया । जिसमें जिले के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रमुख पत्रकारों से विस्तारपूर्वक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्य, शक्तियों, स्थापना, उद्देश्यों इत्यादि से अवगत कराया गया तथा अनुसूचित जनजातियों के उत्थान हेतु उन्हें जागरूक करने के लिये समय-समय पर सुझाव प्रस्तुत करने, उनके विरूद्ध होने वाले अत्याचार की जानकारी प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया । पत्रकारों द्वारा आयोग का टोलफ्री दूरभाष जारी कराने का अनुरोध किया गया । जिसपर उपाध्यक्ष द्वारा आयोग के टोलफ्री दूरभाष 1800117777 जो पूर्व से ही स्थापित है तथा जनजाति वर्ग द्वारा उपयोग में लिया जा रहा है कि सूचना से अवगत कराया ।

21. निर्धारित समय 1600 बजेः- कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा के सभाकक्ष में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ क्षेत्रों में चलाई जा रही विकास परियोजनाओं की आदिवासी समुदाय को लाभान्वित करने के सन्दर्भ में समीक्षा बैठक की गई । कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिले के अन्य विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया । जिसमें जनजातियों के कल्याण के लिये चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई । जिला कलक्टर, छिन्दवाड़ा ने जिले की सामान्य जानकारी सांझा करते हुये बताया कि जिले का कुल क्षेत्रफल 11,815 वर्ग किलोमीटर है तथा इसमें 13 तहसील, 25 राजस्व सर्कल तथा 11 विकासखण्ड है । इन विकासखण्डों में 4 विकासखण्ड यथा बिछुआ, तामिया, हर्रई एवं जुन्नारदेव आदिवासी वर्ग बाहुल्य है । तदनुपरान्त जिला कलक्टर, छिंदवाडा ने जनांकिकीय आंकड़े साझा करते हुये बताया कि वर्ष 2011 के जनगणना के प्रावधिक अनुमानों के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 20,90,922 है, जिसमें 10,64,468 पुरूष एवं 10,26,454 महिलाएँ है । जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 7,69,778 है जिसमें 3,85,785 पुरूष तथा 3,83,993 महिलाएँ निवासरत है । जिले की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की संख्या 36.82

सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

प्रतिशत है । जिले का लिंगानुपात 966 है, जनसंख्या घनत्व 176 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है तथा महिला एवं पुरूष साक्षरता क्रमशः 80.80 एवं 63.40 प्रतिशत है ।

शैक्षिक स्थिति की जानकारी देते हुए जिला कलक्टर, छिन्दवाड़ा ने बताया कि जिले में 1141 प्राथमिक पाठशाला, 385 माध्यमिक पाठशाला, 50 हाईस्कूल एवं 56 उच्च माध्यमिक विद्यालय विभाग द्वारा संचालित है । अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु जिले में 189 छात्रावास संचालित है, जिनमें 10,949 छात्र-छात्रायें निवास कर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं ।

इसके बाद विभागवार योजनाओं की प्रगति संबंधित विभागीय अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में पटल पर प्रस्तुत की । जिसमें याजनावार लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गये । जिसका प्रगति प्रतिवेदन परिशिष्ट-1 पर संलग्न है । अनुसूचित जनजाति के लिये चलाई जा रही सभी योजनाओं के लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये । साथ ही भारिया विकास प्राधिकरण तामिया को बजट प्राप्त नहीं होने की समस्या से अवगत कराते हुये वरिष्ठ स्तर पर समस्या का निराकरण कराने तथा भारिया समाज के शिक्षित युवको को शासकीय सेवा प्रदान करने की प्रगति की समीक्षा की गई । सभी अधिकारियों को आयोग की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया । प्रवास के दौरान प्राप्त समस्याओं को उनके समक्ष प्रस्तुत कर उनका समाधान करने के निर्देश दिये गये ।




सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi



22. बैठक में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रगति तथा गुडेरा अहीरों को आ रही समस्याओं, वनाधिकारी अधिनियम के अंतर्गत भू अधिकार अभिलेख वितरण, भारिया विकास प्राधिकरण तामिया में विगत 4 वर्ष से बजट प्राप्त नहीं होने की समस्या, भारिया जनजाति के शिक्षित युवाओं को शासकीय सेवा में रोजगार हेतु नियुक्ति की ओर ध्यान दिलाया गया तथा शीघ्र कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया ।

**दिनांक 25 जनवरी, 2017**

23. निर्धारित समय पर छिन्दवाडा से प्रस्थान कर नागपुर से 1200 बजे की फ्लाईट से दिल्ली आगमन ।

(सुश्री अनुसुईया उइके)
उपाध्यक्ष

सुश्री अनुसुईया उइके / Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष / Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi